<u>अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान</u>

**(हिंदी अनुभाग)**

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29

फा.सं.4-2/2022(प्रोत्साहन)-हिं.अ. दिनांक: 06.07.2022

# ज्ञापन

**विषय: संस्थान में समूह 'क' अधिकारियों/संकाय-सदस्यों के लिए हिंदी में डिक्टेशन देने/ई-ऑफिस सिस्टम पर फाइलों पर हिंदी में टिप्पणियां लिखने पर <u>प्रोत्साहन योजना के तहत पुरस्कार संबंधी।</u>**

उपर्युक्त विषयक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के दिनांक 01.04.2021 के ज्ञापन सं. 4-2/2021(प्रोत्साहन)हिं.अ. तथा 04.03.2022 के समसंख्यक कार्यालय ज्ञापन द्वारा वित्त वर्ष 2021-22 हेतु समूह 'क' अधिकारियों/संकाय-सदस्यों द्वारा अपने सरकारी कामकाज के दौरान हिंदी में डिक्टेशन देने/ई-ऑफिस सिस्टम पर फाइलों पर हिंदी में टिप्पणियां लिखने के लिए प्रोत्साहन योजना परिचालित की गई थी। इस योजना के तहत केवल वही संकाय सदस्यगण/ समूह 'क' अधिकारीगण पुरस्कार के लिए पात्र होंगे जो वर्ष में कम से कम 10 हजार शब्दों की डिक्टेशन देंगे या ई-ऑफिस सिस्टम पर फाइलों में हिंदी में टिप्पणियों के 10 हजार शब्द लिखेंगे।

अपने सरकारी कामकाज के दौरान हिंदी में डिक्टेशन देने/ई-ऑफिस सिस्टम पर फाइलों पर हिंदी में टिप्पणियां लिखने वाले संस्थान के समूह 'क' अधिकारी/संकाय-सदस्यगण उक्त पुरस्कार प्रोत्साहन योजना के तहत भाग लेने हेतु दिनांक 01.04.2021 से 31.03.2022 तक की अवधि के दौरान हिंदी में दी गई डिक्टेशन/ई-ऑफिस सिस्टम पर फाइलों पर हिंदी में टिप्पणियों की कुल शब्दों की संख्या को **निर्धारित प्रोफार्मा** में भरकर तथा प्रमाण के तौर पर हिंदी में डिक्टेशन दिए गए/ई-ऑफिस सिस्टम के माध्यम से लिखी गई टिप्पणियों के **<u>केवल 5 प्रपत्रों की फोटो प्रतियां</u>** मूल्यांकन हेतु सीधे ही हिंदी अनुभाग में **<u>इस ज्ञापन के जारी होने के 15 दिन के अंदर अपने संबद्ध प्राधिकारी के माध्यम से अवश्य भेज दें</u>** ताकि प्रतियोगिता के पुरस्कारों का निर्धारण किया जा सके।

इस योजना के तहत दिए जाने वाले पुरस्कारों का विवरण निम्नानुसार है:-

**(क) हिंदी भाषी अधिकारियों/ संकाय-सदस्यों हेतु**

| पुरस्कार | राशि | पुरस्कारों की संख्या |
|---|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | ₹ 25,000/- | एक पुरस्कार |
| द्वितीय पुरस्कार | ₹20,000/- | एक पुरस्कार |
| तृतीय पुरस्कार | ₹15,000/- | एक पुरस्कार |
| प्रोत्साहन पुरस्कार | ₹10,000/- | पांच पुरस्कार |

(ख) अन्य भाषा-भाषी अधिकारियों/संकाय-सदस्यों हेतु (जिनकी मातृभाषा हिंदी नहीं है)

| पुरस्कार | राशि | पुरस्कारों की संख्या |
|---|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | ₹25,000/- | एक पुरस्कार |
| द्वितीय पुरस्कार | ₹20,000/- | एक पुरस्कार |
| तृतीय पुरस्कार | ₹15,000/- | एक पुरस्कार |
| प्रोत्साहन पुरस्कार | ₹10,000/- | पांच पुरस्कार |

इसके अतिरिक्त अन्य भाषा-भाषी वर्ग में यदि कोई प्रोत्साहन पुरस्कार शेष बचता है तो उसे हिंदी भाषी वर्ग के पुरस्कारों में सम्मिलित कर दिया जाएगा।

अतः सभी केन्द्रों के प्रमुख तथा विभागों /अनुभागों के अध्यक्षगण से अनुरोध है कि कृपया उक्त सूचना सम्बद्ध विभाग/अनुभाग/केन्द्रों में कार्यरत सभी समूह 'क' अधिकारियों/ संकाय-सदस्यों की जानकारी में लाने की कृपा करें ताकि अधिक से अधिक संकाय-सदस्यगण/ समूह 'क' अधिकारीगण उक्त हिंदी डिक्टेशन प्रोत्साहन योजना में सम्मिलित हो सकें।

(नीरज कुमार शर्मा)
वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं
राजभाषा अधिकारी

**वितरण:-**

1 सभी केन्द्र-प्रमुखगण।
2 सभी विभाग/अनुभाग अध्यक्षगण।
3 मुख्य प्रशासन अधिकारी।
4 वित्त सलाहकार।
5 अधीक्षण अभियंता।
6 कुल-सचिव।

कृपया इस पुरस्कार योजना की सूचना अधीनस्थ समूह 'क' अधिकारियों/ संकाय-सदस्यों की जानकारी में ला दें।

**प्रतिलिपि:-**

- निदेशक/संकायाध्यक्ष(शैक्षिक/अनुसंधान/परीक्षा)/चिकित्सा अधीक्षक महोदय के निजी सचिव।
- उप-निदेशक (प्रशासन) महोदय के निजी सचिव।
- वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी महोदय के निजी सचिव।
- उप-सचिव महोदय के निजी सचिव।
- प्रभारी आचार्य, कंप्यूटर सुविधा: इस अनुरोध सहित कि कृपया इसे संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करें।

कम्प्यूटर सुविधा / Computer Facility
समय / Time 3:30 PM
अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली / A.I.I.M.S., New Delhi

Ms. Ankita

## अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में अधिकारियों/संकाय-सदस्यों के लिए हिंदी में डिक्टेशन देने/ई-ऑफिस सिस्टम पर फाइलों में हिंदी में टिप्पणियां लिखने संबंधी रिकॉर्ड रखने हेतु प्रोफार्मा।

अधिकारी/संकाय का नाम एवं पदनाम: ..............................................................

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| क्रम संख्या | हिंदी में डिक्टेशन / ई-ऑफिस सिस्टम पर फाइलों पर हिंदी टिप्पणियों के पृष्ठ/शब्द | फाइल संख्या | टिप्पणी |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

संबंधित अधिकारी/संकाय
के मोहर सहित हस्ताक्षर ..............................

सत्यापन एवं अग्रेषित करने वाले संबद्ध प्राधिकारी
के मोहर सहित हस्ताक्षर ..............................

वरिष्ठ हिंदी अधिकारी,
हिंदी अनुभाग, अ.भा.आ.सं.